राजस्थान सरकार

# कार्यालय जिला रसद अधिकारी सलुम्बर (राज.)

क्रमांक : रसद/प्राधिकारी/2025–26/864 दिनांक : 15.07.2025

## ::: विज्ञप्ति :::

खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग के पत्रांक एफ17(1)खावि/विधि/08 दिनांक 17.03.2016 एवं पत्रांक एफ17(5) खावि/न्याय/महि.आर/2019 दिनांक 25.11.2020 द्वारा उचित मूल्य दुकानों के आवंटन हेतु दिशा–निर्देशों के तहत सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अन्तर्गत जिले में रिक्त व नवसृजित उचित मूल्य दुकानों के लिए इच्छुक एवं पात्र व्यक्तियों से राजस्थान खाद्यान्न एवं अन्य आवश्यक पदार्थ (वितरण का विनियमन) आदेश 1976 के खण्ड 3(1) के अन्तर्गत प्राधिकार–पत्र जारी किये जाने हेतु सशुल्क आवेदन–पत्र आमंत्रित किये जा रहे है। आवेदन पत्र दिनांक 17.07.2025 से कार्यालय जिला रसद अधिकारी, सलुम्बर (कलेक्ट्रेट परिसर) से (राजकीय अवकाश को छोड़कर) 100/– रूपये का भारतीय पोस्टल ऑर्डर जिला रसद अधिकारी, सलुम्बर के पक्ष में प्रस्तुत कर प्राप्त किए जा सकते है एवं इसी कार्यालय में आवश्यक दस्तावेजों के साथ निर्धारित प्रपत्र में दिनांक 18.08.2025 को कार्यालय समय तक जमा करायें जा सकेंगें। रिक्त एवं नवसृजित उचित मूल्य दुकानों का विवरण निम्नानुसार है :–

| क्र.सं. | ग्राम | ग्राम पंचायत | तहसील | आरक्षण |
|---|---|---|---|---|
| 1 | खेरकी | नाल हंल्कार | सराडा | अनुसूचित जनजाति |
| 2 | नगावतफला | सर्सिया | सराडा | अनुसूचित जनजाति एवं महिला आरक्षित |
| 3 | सगतपुर | चन्दोडा | सेमारी | महिला आरक्षित |
| 4 | नाकोली | केवडा कलां | सराडा | अनारक्षित |
| 5 | सीपुर | मल्लाडा | सेमारी | अनारक्षित |

उपरोक्त रिक्तियों के सबंध में विभागीय पत्रांक एफ17(1)खावि/विधि/08/दिनांक 17.03.2016 एवं समय–समय पर जारी अन्य निर्देशों एवं पत्रांक एफ17(5)खा.वि./न्याय/महि.आर./2019 दिनांक 25.11.2020 द्वारा जारी उचित मूल्य दुकानों के आवंटन के दिशा–निर्देश में वर्णित चयन प्रक्रिया अनुसार कार्यवाही की जावेगी। उचित मूल्य दुकानों के आवंटन के सबंध मे योग्यता, चयन मापदण्ड एवं अन्य दिशा–निर्देश तथा रिक्त उचित मूल्य दुकानों के सबंध में विस्तृत जानकारी विभागीय वेबसाईट व जिला रसद कार्यालय, सलुम्बर में अवलोकन हेतु उपलब्ध है।

उक्त रिक्तियों में कमी/वृद्धि/संशोधन कार्यालय द्वारा किया जा सकता है तथा रिक्तियों को भरनें/नहीं भरनें के सबंध मं कार्यालय का निर्णय सुरक्षित रहेगा।

उक्त विज्ञप्ति में दुकानों का आवंटन/नियुक्ति विभिन्न अपीलीय/न्यायालयों के निर्णयों के अध्यधीन होगा।

जिला रसद अधिकारी
सलुम्बर

Signature Not Verified
Digitally signed by Kapil Jhajharia
Designation : District Supply Officer
Date: 2025.07.15 14:04:24 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref No.: 16557025
eSign 1.0

**क्रमांक : रसद/प्राधिकारी/2025–26/865–875** **दिनांक : 15.07.2025**

प्रतिलिपि :– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :–

1. श्रीमान् शासन सचिव महोदय, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग, राजस्थान जयपुर।
2. श्रीमान् विशिष्ट सहायक, माननीय खाद्य मंत्री महोदय, राजस्थान सरकार।
3. श्रीमान् अतिरिक्त मुख्य सचिव, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग राजस्थान जयपुर।
4. श्रीमान् संभागीय आयुक्त, उदयपुर।
5. श्रीमान् जिला कलेक्टर महोदय, सलुम्बर।
6. श्रीमान् अतिरिक्त खाद्य आयुक्त, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग, राजस्थान जयपुर।
7. माननीय जिला प्रमुख, जिला परिषद, उदयपुर।
8. जन सम्पर्क अधिकारी, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग, जयपुर।
9. प्रोगामर, डीओआईटी, जिला कलक्ट्रेट सलुम्बर को कलेक्ट्रेट की वेबसाईट पर उपलोड करानें हेतु।
10. सुचना एवं जन सम्पर्क अधिकारी, सलुम्बर को भेजकर लेख है कि समाचार पत्रों में निःशुल्क प्रकाशित करावें।
11. रक्षित पत्रावली।

**जिला रसद अधिकारी**
**सलुम्बर**

Signature Not Verified

Digitally signed by Kapil Jhajharia
Designation : District Supply Officer
Date: 2025.07.15 14:04:24 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref No.: 16557025

eSign 1.0